# IIM में 7 मैनेजमेंट प्रोग्राम, सीखेंगे चैटजीपीटी, एआई

## लीडर्स, कारोबारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 29 सितंबर तक चलेगी ट्रेनिंग

एजुकेशन रिपोर्टर | रायपुर

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 4 सितंबर से 7 तरह के मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को तेजी से बदलते कारोबारी माहौल में नई जानकारी, रणनीतिक दृष्टिकोण और रूपांतरणकारी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की जा रही है। यह मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स में स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, जनरल मैनेजमेंट, एचआरएम और ओबी पर आधारित हैं। 29 सितंबर तक यह प्रोग्राम चलेगा।

इसे वरिष्ठ अधिकारियों, मिड-लेवल मैनेजर्स, फंक्शनल लीडर्स और निर्णयकर्ताओं के लिए तैयार किया गया है। मैनेजमेंट प्रोग्राम में नवाचार, सह-निर्माण और डिजाइन थिंकिंग, व्यवसाय और शिक्षा में चैटजीपीटी का उपयोग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, कर्मचारी प्रदर्शन और कल्याण, लेबर कोड मास्टरक्लास, हेल्थकेयर मैनेजमेंट और बिजनेस एनालिटिक्स विषय शामिल हैं।

आईआईएम के निदेशक प्रभारी प्रो. संजीव पराशर ने कहा, एमडीपी कार्यक्रम आज के कारोबारी माहौल की सबसे अहम जरूरतों के लिए है। चाहे वह चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग हो, नए श्रम कानूनों को समझना हो, या न्याय और कल्याण पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना। प्रतिभागियों को केस डिस्कशन, इंटरैक्टिव सत्र और प्रायोगिक गतिविधियों के जरिए वास्तविक अनुभव मिलेगा।

IIM-Dainik Bhaskar-Raipur_04 Sep 2025_Pg-03